| Publication | The Times of India | Language | English |
|---|---|---|---|
| Edition | New Delhi | Journalist | TNN |
| Date | 03/02/2023 | Page no | 20 |

# Farm credit societies to offer 20 services, create rural jobs

## Banking, Insurance, Ticket Booking To Be Among New Facilities

Times News Network

**New Delhi:** Broadening the ambit of primary cooperatives and creating new jobs, the ministry of cooperation on Thursday signed a memorandum of understanding (MoU) with the ministry of electronics and information technology, NABARD and Common Service Centres (CSC) e-Governance Services India Limited to enable thousands of Primary Agricultural Credit Societies (PACS) to provide different services to rural population across the country.

"The PACS are the soul of cooperatives and making them multipurpose as providers of about 20 services will increase employment opportunities in rural areas," said minister of home and cooperation Amit Shah who was along with minister of electronics and information technology, Ashwini Vaishnaw, was present at the signing in ceremony. Under the MoU, the PACS will now be able to function as CSC and be able to provide all the services listed on the Digital Seva Portal of CSC scheme to citizens, including banking, insurance, Aadhaar enrolment/update, legal services, agri-inputs like farm equipment, PAN card, IRCTC, and rail, bus, and air ticket related services. Describing the MoU as a win-win situation for all, Shah said that this will not only help in fulfilling Prime Minister Narendra Modi's dream of 'Sahkar Se Samridhi' and making cooperatives the backbone of rural development, but also strengthen both cooperatives and farmers.

He said that making PACS viable was the biggest problem in front of the cooperative sector, and today a new beginning has been made by adding many new dimensions to the functioning of PACS.

PTI




Union home minister Amit Shah with Union minister for electronics & information technology Ashwini Vaishnaw at an MoU-signing event

Internal (for authorised circulation only)
Downloaded from
SAMVAD

| | | | |
|---|---|---|---|
| Publication | The Times of India | Language | English |
| Edition | Mumbai | Journalist | Bureau |
| Date | 03/02/2023 | Page no | 11 |

# Agriculture credit societies to offer 20 services, create rural jobs

**New Delhi:** Broadening the ambit of primary cooperatives and creating new jobs, the ministry of cooperation on Thursday signed an MoU with the ministry of electronics and information technology, Nabard and Common Service Centres e-Governance Services India Limited to enable thousands of Primary Agricultural Credit Societies (PACS) to provide different services to the rural population.



"The PACS are the soul of cooperatives and making them multipurpose as providers of about 20 services will increase employment opportunities in the rural areas of the country," said minister of home and cooperation **Amit Shah** who along with minister of electronics and information technology, Ashwini Vaishnaw, was present at the signing ceremony. TNN

Internal (for authorised circulation only)

Downloaded from SAMVAD

| | | | |
|---|---|---|---|
| Publication | The Times of India | Language | English |
| Edition | Bangalore | Journalist | TNN |
| Date | 03/02/2023 | Page no | 11 |

# Cooperation ministry inks MoU to help PACs service rural population

TIMES NEWS NETWORK

**New Delhi:** Broadening the ambit of primary cooperatives and creating new jobs, the ministry of cooperation on Thursday signed a memorandum of understanding (MoU) with the ministry of electronics and information technology, NABARD and Common Service Centres (CSC) e-Governance Services India Limited to enable thousands of Primary Agricultural Credit Societies (PACS) to provide different services to rural population across the country.

"The PACS are the soul of cooperatives and making them multipurpose as providers of about 20 services will increase employment opportunities in rural areas," said minister of home and cooperation Amit Shah who was along with minister of electronics and information technology, Ashwini Vaishnaw, was present at the signing in ceremony.

Under the MoU, the PACS will now be able to function as CSC and be able to provide all the services listed on the Digital Seva Portal of CSC scheme to citizens, including banking, insurance, Aadhaar enrolment/update, legal services, agri-inputs like farm equipment, PAN card , IRCTC, and rail, bus, and air ticket related services.

Describing the MoU as a win-win situation for all, Shah said that this will not only help in fulfilling Prime Minister Narendra Modi's dream of 'Sahkar Se Samridhi' and making cooperatives the backbone of rural development, but also strengthen both cooperatives and farmers.

Internal (for authorised circulation only)

Downloaded from SAMVAD

Publication The Times of India
Language English
Edition Kolkata
Journalist TNN
Date 03/02/2023
Page no 13

# Farm credit societies to offer 20 services, create more rural jobs

Times News Network



PTI

Union home minister Amit Shah with Union minister for electronics & IT Ashwini Vaishnaw at the MoU signing ceremony

**New Delhi:** Broadening the ambit of primary cooperatives and creating new jobs, the ministry of cooperation on Thursday signed a memorandum of understanding (MoU) with the ministry of electronics and information technology, NABARD and Common Service Centres (CSC) e-Governance Services India Limited to enable thousands of Primary Agricultural Credit Societies (PACS) to provide different services to rural population across the country.

"The Primary Agricultural Credit Societies are the soul of cooperatives and making them multipurpose as providers of about 20 services will increase employment opportunities in rural areas," said minister of home and cooperation Amit Shah who along with minister of electronics and information technology, Ashwini Vaishnaw, was present at the signing in ceremony.

Under the MoU, the PACs will now be able to function as CSC and be able to provide all the services listed on the Digital Seva Portal of CSC scheme to citizens, including banking, insurance, Aadhaar enrolment/update, legal services, agri-inputs like farm equipment, PAN card, and rail, bus, and air ticket related services.

Internal (for authorised circulation only)
Downloaded from
SAMVAD

| | | | |
|---|---|---|---|
| Publication | The Morning Standard | Language | English |
| Edition | New Delhi | Journalist | Bureau |
| Date | 03/02/2023 | Page no | 7 |




RURAL ECONOMY: Union Minister of Cooperation Amit Shah and Union Minister for Electronics and IT Ashwini Vaishnaw after the signing of an MoU to enable agricultural credit societies operate as 'Common Service Centers' in New Delhi on Thursday | PIB

Internal (for authorised circulation only)

Downloaded from
SAMVAD

| | | | |
|---|---|---|---|
| Publication | The Economic Times | Language | English |
| Edition | New Delhi | Journalist | Bureau |
| Date | 03/02/2023 | Page no | 9 |

# Digital Connect




**JOINING HANDS** Home minister Amit Shah with minister for electronics & IT Ashwini Vaishnaw at the MoU signing ceremony between ministry of cooperation, MeitY, Nabard and CSC E-Governance Services to enable PACs to deliver more than 300 e-services as provided by Common Service Centres, in New Delhi, Thursday.

Internal (for authorised circulation only)
Downloaded from
SAMVAD

| | | | |
|---|---|---|---|
| Publication | The Economic Times | Language | English |
| Edition | Mumbai | Journalist | Bureau |
| Date | 03/02/2023 | Page no | 14 |

# Digital Connect

PTI




**JOINING HANDS** Home minister Amit Shah with minister for electronics & IT Ashwini Vaishnaw at the MoU signing ceremony between ministry of cooperation, MeitY, Nabard and CSC E-Governance Services to enable PACs to deliver more than 300 e-services as provided by Common Service Centres in New Delhi on Thursday.


Internal (for authorised circulation only)

Downloaded from
SAMVAD

| | | | |
|---|---|---|---|
| Publication | The Hindu Business Line | Language | English |
| Edition | New Delhi | Journalist | Prabhudatta Mishra |
| Date | 03/02/2023 | Page no | 9 |

# PACS to offer services of Common Service Centres

**Prabhudatta Mishra**
New Delhi

A Memorandum of Understanding (MoU) was signed on Thursday between Ministry of Cooperation and Ministry of Electronics and Information Technology which will enable 63,000 functional Primary Agricultural Credit Societies (PACS) to provide services already offered by Common Service Centres (CSCs).

As per the MoU, PACS will be able to function as CSCs and offer more than 300 services to the rural population including their 13 crore farmer-members. The government also plans to allow PACS to provide all the services listed on the Digital Seva Portal of CSC scheme to citizens, including banking, insurance, Aadhaar enrolment/update, legal services, agri-inputs like farm equipment, PAN card as well as Rail, Bus and Air ticket related services. The pan-India roll out of a common software being developed for PACS will also be used for CSCs.

**ACCESS POINTS**

There are over 4 lakh CSC currently in operation whereas the Centre targets to create 2 lakh additional PACS in the next five years.

Under the Digital India Programme, CSCs are the access points for delivery of essential public utility services, social welfare schemes, healthcare, financial, education and agriculture services. These local level units, also offer a host of B2C services to citizens in rural and remote areas of the country, helping the government's mandate of a socially, financially and digitally inclusive society.

Speaking on the occasion, Co-operation Minister Amit Shah said PACS are the soul of co-operatives and making them multipurpose as providers of about 20 services will increase employment opportunities in rural areas.

Internal (for authorised circulation only)

Downloaded from SAMVAD

| | | | |
|---|---|---|---|
| Publication | Amar Ujala | Language | Hindi |
| Edition | New Delhi | Journalist | Bureau |
| Date | 03/02/2023 | Page no | 1 |

# प्राथमिक कृषि समितियां गांवों में सीएससी के रूप में काम करेंगी, मिलेंगी 300 से ज्यादा सेवाएं

## सहकारिता मंत्रालय और इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय में हुआ करार

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्राथमिक कृषि ऋण समितियां (पैक्स) अब सामान्य सेवा केंद्रों (सीएससी) के रूप में काम करेंगी। इन केंद्रों पर पैक्स के 13 करोड़ सदस्यों व ग्रामीणों को 300 से ज्यादा सेवाएं मिलेंगी। केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव की मौजूदगी में बृहस्पतिवार को इस बाबत करार पर हस्ताक्षर हुए।

शाह ने कहा कि आधी आबादी सहकारिता से किसी न किसी रूप में जुड़ी हुई है। इसे देखते हुए पैक्स के सीएससी बनने से इसकी सुविधाओं को देश के कोने-कोने तक पहुंचाया जा सकेगा। सहकारिता के विकास को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अलग मंत्रालय बनाया था। पैक्स को समर्थ बनाना, सबसे बड़ी समस्या थी। पैक्स की कार्यप्रणाली में नए आयाम जोड़कर नई शुरुआत हुई है। शाह ने बताया, पांच साल में 2 लाख पैक्स बनाने और हर पंचायत में बहुउद्देश्यीय पैक्स की रचना की व्यवस्था की है।



केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह, इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव की मौजूदगी में सहकारिता मंत्रालय, इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, नाबार्ड और सीएससी ई-गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लि. में करार हुआ। एजेंसी

### बढ़ेगा रोजगार

पैक्स को बीस सेवाओं से जोड़कर बहुउद्देश्यीय बनाने से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों में वृद्धि होगी। सहकार से समृद्धि और सहकारिता को ग्रामीण विकास की रीढ़ बनाने का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना पूरा होगा। किसानों को सशक्त बनाने में मदद मिलेगी। **-अमित शाह**
**केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री**

### आधार, जल वितरण, बैंक मित्र सहित 20 गतिविधियां

पैक्स अब सीएससी केंद्रों पर आधार नामांकन/अपडेट, कानूनी सेवाएं, कृषि उपकरण, पैन कार्ड और आईआरसीटीसी, रेल, बस व विमान टिकट, जल वितरण, भंडारण, बैंक मित्र सहित 20 गतिविधियां भी चला सकेंगे।

Internal (for authorised circulation only)

Downloaded from SAMVAD

Publication Dainik Bhaskar | Language Hindi
Edition New Delhi | Journalist Bureau
Date 03/02/2023 | Page no 14

## सहकारिता, आईटी मंत्रालय, नाबार्ड व सीएससी के बीच करार

# कृषि क्रेडिट समितियों को बहुद्देश्यीय बनाने से गांवों में रोजगार बढ़ेगा: शाह

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि प्राथमिक कृषि क्रेडिट समितियां (पैक्स) सहकारिता की आत्मा हैं। इन्हें लगभग 20 सेवाओं का प्रदाता बनाकर बहुद्देश्यीय बनाने से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर में वृद्धि होगी। शाह ने यह बात पैक्स को सामान्य सेवा केंद्रों द्वारा दी जाने वाली सेवाएं देने के लिए हुए समझौते पर दस्तखत किए जाने के मौके पर कही। समझौता ज्ञापन पर सहकारिता मंत्रालय, इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, नाबार्ड और सीएससी ई-गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लि. के बीच नई दिल्ली में दस्तखत किए गए। इस मौके पर शाह के अलावा केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव, सहकारिता राज्यमंत्री बीएल वर्मा, सहकारिता मंत्रालय और इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव, सहकारिता मंत्रालय, नाबार्ड और एनसीडीसी के अधिकारी उपस्थित थे।



शाह ने कहा कि गांव और कृषि विकास में पैक्स की भूमिका और योगदान बहुत महत्वपूर्ण होता है। समझौते को सभी के लिए विन-विन सिचुएशन बताते हुए शाह ने कहा कि इससे सहकार से समृद्धि और सहकारिता को ग्रामीण विकास की रीढ़ बनाने का प्रधानमंत्री मोदी का स्वप्न तो पूरा करने में मदद मिलेगी ही, साथ ही सहकारिता और किसान दोनों मजबूत भी होंगे। शाह ने कहा कि इस समझौते के अंतर्गत पैक्स अब सामान्य सेवा केंद्रों के रूप में काम करने के लिए सक्षम तो होंगी ही, इसके साथ ही पैक्स के 13 करोड़ किसान सदस्यों सहित गांव के लोगों को इसके माध्यम से 300 से भी अधिक सीएससी सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी।

Internal (for authorised circulation only)
Downloaded from
SAMVAD

| | | | |
|---|---|---|---|
| Publication | Dainik Jagran | Language | Hindi |
| Edition | New Delhi | Journalist | Bureau |
| Date | 03/02/2023 | Page no | 12 |

# अब सहकारी समितियां करेंगी गांवों में कामन सर्विस सेंटर का संचालन

- सहकारिता मंत्रालय के साथ आइटी और नाबार्ड के बीच समझौता
- ग्रामीणों को लाभ के साथ स्थानीय युवाओं को मिलेगा रोजगार : शाह




सहकारिता मंत्रालय और इलेक्ट्रानिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के साथ नाबार्ड तथा सीएससी ई-गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लि. के मध्य समझौते के अवसर पर केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव का अभिवादन स्वीकार करते केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ● प्रेट्र

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली: सहकारिता की मूल इकाई (पैक्स) को प्रमुख दायित्व देकर मजबूत बनाने की अपनी घोषणा को आगे बढ़ाते हुए केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को उसे कामन सर्विस सेंटर (सीएससी) के संचालन की जिम्मेदारी सौंप दी। इससे देश की ग्रामीण आबादी को सीधे लाभ मिलेगा और स्थानीय युवाओं को रोजगार प्राप्त होगा। स्थानीय स्तर पर स्थापित होने वाले इन सेंटरों से गांव के लोगों को सीधा संपर्क होता है। इसके लिए सहकारिता मंत्रालय और इलेक्ट्रानिक और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के साथ नाबार्ड और सीएससी ई-गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड के बीच समझौता किया गया। इस मौके पर सहकारिता मंत्री अमित शाह के साथ आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव भी उपस्थित थे।

दोनों मंत्रालयों के बीच हुए इस समझौते से पैक्स से जुड़े करोड़ों किसानों सहित ग्रामीण आबादी को 300 से भी अधिक सीएससी सेवाएं प्राप्त होंगी। सहकारिता मंत्री शाह ने इसे ऐतिहासिक निर्णय बताते हुए कहा कि इससे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सहकार से समृद्धि के सपने को पूरा करने में मदद मिलेगी। शाह ने कहा कि कामन सर्विस सेंटर का दायित्व प्राइमरी एग्रीकल्चरल क्रेडिट सोसाइटी (पैक्स) के संभाल लेने से इससे मिलने वाली सुविधाएं देश के कोने-कोने और छोटे-छोटे गांवों तक पहुंचने लगेंगी। शाह ने कहा कि प्रमुख सेवाओं से जोड़कर पैक्स को मल्टी परपज (बहुद्देश्यीय) बनाने की कोशिश है, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त हो सकें।


Internal (for authorised circulation only)

Downloaded from SAMVAD

| | | | |
|---|---|---|---|
| Publication | Dainik Jagran | Language | Hindi |
| Edition | New Delhi | Journalist | Bureau |
| Date | 03/02/2023 | Page no | 12 |


# बजट में विश्व की सबसे बड़ी अन्न भंडारण योजना की नींव : शाह

**जाब्यू, नई दिल्ली :** केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि बजट में विश्व की सबसे बड़ी अन्न भंडारण योजना की नींव रखी गई है। यह किसानों के साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए वरदान साबित होगी। सहकारिता क्षेत्र की कई अहम घोषणाओं में अगले पांच वर्षों के भीतर दो लाख पैक्स बनाने का फैसला किया गया है। देश के प्रत्येक ग्राम पंचायत में बहुउद्देश्यीय पैक्स का गठन किया जाएगा। सहकारिता क्षेत्र के लिए राष्ट्रीय डाटाबेस का 70 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है, जिससे नीतिगत फैसला लेने में काफी सहूलियत होगी। उन्होंने कहा कि सहकारिता के सभी पक्षकारों के साथ मिलकर माडल बायलाज बनाकर सभी राज्यों को भेज दिया गया है। राज्यों की सहमति के आधार पर उस पर आगे बढ़ा जाएगा।

Internal (for authorised circulation only)

Downloaded from SAMVAD

| | | | |
|---|---|---|---|
| Publication | Hindustan | Language | Hindi |
| Edition | New Delhi | Journalist | Bureau |
| Date | 03/02/2023 | Page no | 15 |


# साझा सेवा केंद्रों की सेवाएं अब पीएसीएस पर भी

**सुविधा**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सहकारिता मंत्रालय, सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, नाबार्ड और सीएससी ई-गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड के बीच गुरुवार को एक सहमति पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इसके तहत साझा सेवा केंद्रों से मिलने वाली सेवाएं अब प्राथमिक कृषि साख समितियां (पीएसीएस) भी दे सकेंगी।

आधिकारिक बयान के अनुसार, केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह तथा केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव की उपस्थिति में एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। शाह ने कहा कि प्राथमिक कृषि साख समितियां अब साझा सेवा केंद्रों (सीएससी) के रूप में काम कर सकेंगी। इसके साथ ही पीएसीएस के 13 करोड़ सदस्यों समेत ग्रामीण आबादी को 300 से अधिक सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

इससे पीएसीएस की व्यावसायिक गतिविधियों में वृद्धि होगी और उन्हें आत्मनिर्भर आर्थिक संस्था बनने में मदद मिलेगी। शाह ने कहा कि पीएसीएस नागरिकों को सीएससी



- **सहकारिता मंत्रालय और अन्य के बीच सहमति पत्र पर हुए हस्ताक्षर**
- **बैंकिंग, बीमा, आधार नामांकन, पैन कार्ड सेवाएं हैं शामिल**

योजना के डिजिटल सेवा पोर्टल पर सूचीबद्ध सभी सेवाएं दे सकेंगी। इसमें बैंकिंग, बीमा, आधार नामांकन/अद्यतन, कानूनी सेवाएं, कृषि उपकरण, पैन कार्ड के साथ ही आईआरसीटीसी, रेल, बस और हवाई यात्रा के टिकट से जुड़ी सेवाएं शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि पीएसीएस के कंप्यूटरीकरण के लिए केंद्र द्वारा प्रायोजित योजना के तहत विकसित किए जा रहे राष्ट्रीय सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल करके पीएसीएस अब सीएससी के रूप में काम कर सकेंगी।

Internal (for authorised circulation only)

Downloaded from SAMVAD

| | | | |
|---|---|---|---|
| Publication | Punjab Kesri | Language | Hindi |
| Edition | New Delhi | Journalist | Bureau |
| Date | 03/02/2023 | Page no | 3 |

# सहकारिता, आईटी मंत्रालय, नाबार्ड और सीएससी ई-गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया के बीच समझौता



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सहकार से समृद्धि के स्वप्न को पूरा करने की दिशा में लिए गए एक ऐतिहासिक निर्णय के तहत गुरुवार को केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह और केन्द्रीय इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव की उपस्थिति में प्राथमिक कृषि क्रेडिट समितियों (पैक्स) को सामान्य सेवा केन्द्रों द्वारा दी जाने वाली सेवाएं प्रदान करने के लिए समर्थ करने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। सहकारिता मंत्रालय, इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, नाबार्ड और सीएससी ई-गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड के बीच नई दिल्ली में इस समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर सहकारिता राज्यमंत्री बी एल वर्मा, सहकारिता मंत्रालय और इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव, सहकारिता मंत्रालय, नाबार्ड और एनसीडीसी के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। इस मौके पर केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि पैक्स सहकारिता की आत्मा हैं और इन्हें लगभग 20 सेवाओं के प्रदाता बनाकर बहुद्देश्यीय बनाने से ग्रामीण क्षेत्रों में रोज़ग़ार के अवसरों में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण और कृषि विकास में पैक्स की भूमिका और योगदान बहुत महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने इस समझौते को सबके लिए विन-विन सिचुएशन बताते हुए कहा कि इससे सहकार से समृद्धि और सहकारिता को ग्रामीण विकास की रीढ़ बनाने का प्रधानमंत्री मोदी का स्वप्न तो पूरा करने में मदद मिलेगी ही, साथ ही सहकारिता और किसान दोनों मज़बूत भी होंगे। श्री शाह ने कहा कि इससे सामान्य सेवा केन्द्रों (सीएससी) का कांसेप्ट देश की छोटी से छोटी इकाई तक बेहद सरलता से पहुंच सकेगा। अमित शाह ने कहा कि देश की लगभग 50 प्रतिशत आबादी किसी ना किसी रूप में सहकारिता से जुड़ी है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष के बजट में अगले 5 साल में 2 लाख पैक्स बनाने और हर पंचायत में एक बहुद्देश्यीय पैक्स की रचना का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा बजट में सहकारिता क्षेत्र के लिए विश्व की सबसे बड़ी अन्न भंडारण योजना की नींव भी रखी गई है। शाह ने कहा कि सहकारिता क्षेत्र के लिए राष्ट्रीय डेटाबेस बनाने का काम लगभग 70 प्रतिशत तक पूरा हो चुका है। इसके अलावा सभी स्टेकहोलडर्स के साथ चर्चा करके मॉडल बॉयलॉज बनाकर सभी राज्यों को भेजे गए हैं।

Internal (for authorised circulation only)

Downloaded from
SAMVAD

| | | | |
|---|---|---|---|
| Publication | Rajasthan Patrika | Language | Hindi |
| Edition | New Delhi | Journalist | Bureau |
| Date | 03/02/2023 | Page no | 10 |

### एमओयू हुआ : पैक्स जल वितरण, बैंक मित्र सहित 20 अलग-अलग काम करेंगे

# पैक्स करेंगे सामान्य सेवा केंद्र का भी काम

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** प्राथमिक कृषि क्रेडिट समितियों (पैक्स) को सामान्य सेवा केन्द्रों (सीएससी) की ओर से दी जाने वाली सेवाएं देने में सक्षम बनाने के लिए सहकारिता मंत्रालय, आइटी मंत्रालय, नाबार्ड और सीएससी ई-गवर्नेंस सर्विसेज के बीच एमओयू हुआ है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और आइटी मंत्री अश्विनी वैष्णव की उपस्थिति में इस एमओयू पर हस्ताक्षर हुए। अमित शाह ने कहा कि देश की लगभग 50 प्रतिशत आबादी किसी ना किसी रूप में सहकारिता से जुड़ी है। शाह ने बताया कि पैक्स अब जल वितरण, भंडारण, बैंक मित्र सहित 20 अलग-अलग गतिविधियां चला सकेंगे।

## 5 साल में 2 लाख पैक्स की स्थापना होगी

**इस साल** के बजट में अगले 5 साल में 2 लाख पैक्स बनाने और हर पंचायत में एक बहुद्देश्यीय पैक्स की रचना का प्रावधान किया गया है। सहकारिता क्षेत्र के लिए राष्ट्रीय डेटाबेस बनाने का काम लगभग 70 प्रतिशत तक पूरा हो चुका है। इस समझौते के अंतर्गत पैक्स सामान्य सेवा केंद्रों के रूप में कार्य करने के लिए सक्षम तो होंगी ही, इसके साथ ही पैक्स के 13 करोड़ किसान सदस्यों सहित ग्रामीण आबादी को पैक्स के माध्यम से 300 से भी अधिक सीएससी सेवाएं भी उपलब्ध हो पाएंगी।

## ये सेवाएं मिलेंगी

**इस एमओयू** से पैक्स की व्यावसायिक गतिविधियों में वृद्धि होगी और उन्हें आत्मनिर्भर आर्थिक संस्था बनने में मदद मिलेगी। पैक्स, सीएससी योजना के डिजिटल सेवा पोर्टल पर सूचीबद्ध सभी सेवाएं नागरिकों को प्रदान करने में सक्षम होंगे, जिनमें बैंकिंग, इंश्योरेंस, आधार नामांकन/अपडेट, कानूनी सेवाएं, कृषि-इनपुट जैसे कृषि उपकरण, पैन कार्ड और आइआरसीटीसी, रेल, बस व विमान टिकट सम्बन्धी सेवाएं शामिल हैं।

********

Internal (for authorised circulation only)

Downloaded from
SAMVAD